## Page Three Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# पर्यावरण मित्र कोरोना योद्धाओं का पुष्प वर्षा के बीच सम्मान

## कोरोना के खिलाफ जंग में तय होगी देश की दशा और दिशा

**सम्मान**

**संवाददाता**

देहरादून। कोरोना वायरस कोविड 19 से निपटने के लिए नगर निगम के पर्यावरण मित्र कोरोना योद्धाओं को सराहनीय कार्य करने के लिए शहरी विकास मंत्री मदन कौशिक, मेयर सुनील उनियाल गामा, विधायक खजान दास एवं नगर आयुक्त विनय शंकर पांडेय ने संयुक्त रूप फूलों की वर्षा के बीच उन्हें शॉल भेंटकर सम्मानित किया गया।

राजधानी के घंटाघर पर कोरोना वायरस कोविड 19 से निपटने के लिए शुरूआती दौर से ही जिस प्रकार से नगर निगम के पर्यावरण मित्र कोरोना योद्धाओं के रूप में कार्य कर रहे है और वह सम्मान करने के योग्य है इसी के परिपेक्ष्य में शहरी व नगर विकास मंत्री मदन कौशिक, मेयर सुनील उनियाल गामा, विधायक राजपुर खजानदास, नगर आयुक्त विनय शंकर पांडेय ने पर्यावरण मित्रों पर संयुक्त रूप से पुष्प वर्षा कर शॉल भेंटकर सम्मानित किया गया।



इस अवसर पर शहरी एवं नगर विकास मंत्री मदन कौशिक ने कहा है कि आज जिस प्रकार से देश व प्रदेश में कोरोना वायरस संक्रमण लगातार फैल रहा है और जिस प्रकार से प्रदेश सरकार की तैयारियां है निश्चित तौर पर हम कोरोना से जंग जीत लेंगें और पूर्व में सब कुछ सामान्य चल रहा था लेकिन बीच में जमातियों के यहां पर आने पर स्थिति कुछ विकट हुई है लेकिन अभी भी यह पूरी तरह से नियंत्रित है और सरकार की ओर से इस दिशा में हरसंभव प्रयास किये जा रहे है।

इस अवसर पर कौशिक ने कहा है कि उत्तराखंड के नगर निगम के सभी स्वच्छ्ता कर्मचारियों द्वारा कोरोना के खिलाफ जंग में अपनी जान की परवाह किये बिना दिन रात समाज की सेवा कर रहे सभी पर्यावरण मित्रों के लिए मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने कोरोना की इस महामारी के चलते कोई भी हानि होने पर उनके परिवार को 10 लाख रुपये तक की आर्थिक सहायता देने का ेर दिया है।

मुख्यमंत्री के फैसले पर नगर निगम मेयर सुनील उनियाल गामा ने मुख्यमंत्री का धन्यवाद प्रकट करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा कोरोना की जंग में आखिरी छोर पर कार्य कर रहे इन वारियर्स के लिए 10 लाख की व्यवस्था से इनको प्रोत्साहन मिला है। उन्होंने कहा कि यह एक गौरव की बात है। सुनील उनियाल गामा द्वारा नगर निगम की तैयारियों पर बात करते हुए बताया गया कि नगर निगम द्वारा शहर के हर क्षेत्र चाहे मलिन बस्तियां हो,सड़कें,मुख्यक बाजार,पॉश इलाके हर जगह सैनिटाइजेसन का कार्य किया जा रहा है। मलिन बस्तियों में बड़े वाहनों के प्रवेश संभव न होने पर निगम कर्मियों द्वार बाइक व पैदल ही इन क्षेत्रों में ब्लीचिंग,सैनिटाइजर आदि छिड़का जा रहा है। इस दौरान मेयर द्वारा घंटाघर क्षेत्र में पर्यावरण मित्रों का सम्मान भी किया गया।

## न्यूज डायरी



### पुलिस कर्मियों को सौंपे भोजन के पैकेट

**संवाददाता** देहरादून। श्री पृथ्वीनाथ महादेव मंदिर सेवा दल के तत्वावधान में महंत श्री श्री 108 रविंद्र पुरी महाराज के सानिध्य में जरूरतमंदों की सहायतार्थ आज पके हुए भोजन के पैकेट पुलिस कर्मियों को सेवा दल द्वारा सुपुर्द किए गए आज से आम दिनों की पुलिसकर्मियों ने यह पैकेट जहां जरूरतमंदों को इनकी आवश्यकता थी वहीं क्षेत्र में जाकर वितरित किए। सेवा दल नवीन गुप्ता ने द्वारा अवगत करवाया गया कि आज नगर निगम की टीम ने पूरे मंदिर में सैनिटाइज का छिड़काव भी किया गया। इस अवसर पर अनुराग गुप्ता, रजनीश यादव, विक्की गोयल, तुषार बंसल, दीपक मित्तल, राकेश मित्तल, प्रवीण बंसल, संजय कुमार गर्ग आदि सेवा दल के अनेक पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित थे।

### विधायक पुष्कर धामी को पितृशोक, विधानसभा अध्यक्ष ने जताया शोक

**संवाददाता** देहरादून। विधानसभा अध्यक्ष प्रेमचंद अग्रवाल ने खटीमा से विधायक पुष्कर सिंह धामी के पिताजी शेर सिंह धामी के निधन पर गहरा शोक प्रकट किया। अपने शोक संदेश में विधानसभा अध्यक्ष प्रेमचन्द अग्रवाल ने कहा है कि स्वर्गीय शेर सिंह धामी ने जीवन पर्यंत सामाजिक एवं आध्यात्मिक क्षेत्र में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया उनका निधन समाज के लिए अपूर्ण क्षति है। अग्रवाल ने ईश्वर से प्रार्थना करते हुए स्वर्गस्त्त आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष प्रेमचन्द अग्रवाल ने शोक संदेश में कहा है कि दुखी परिवार एवं क्षेत्रवासियों को ईश्वर इस असीम दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करे।



## नगर निगम लगातार सौ वार्डों में सैनिटाइजर का कर रहा छिड़काव

**संवाददाता** देहरादून। नगर निगम मेयर सुनील उनियाल गामा ने कहा कि नगर निगम लगातार सौ वार्डों में सैनिटाइजर का छिडकाव, ब्लीचिंग व अन्य कार्यों के साथ ही साथ सेनिटाइजर व मॉस्क का वितरण करता आ रहा है और इस अभियान को व्यापक स्तर पर तेज किया जायेगा। उन्होंने कहा कि आज जो भय का वातावरण बना हुआ है उसे समाप्त करने काम नगर निगम की ओर से किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सोमवार से प्रत्येक वार्ड में वृहद स्तर पर सेनिटाइजर का छिड़काव फिर से किया जायेगा और सील किये गये इलाकों में भी सेनिटाइज का कार्य किया जा रहा है।

# जरूरतमंदों व पुलिस को आरएसएस कार्यकर्ताओं ने बांटे सेनिटाइजर

**संवाददाता**

देहरादून। कोरोना वायरस (कोविड–19) महामारी संक्रमण की रोकथाम एवं बचाव के लिए राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ आरएसएस के तत्वावधान में राजधानी के प्रमुख चौराहों पर पुलिस कर्मचारियों एवं जरूरतमंदों को सैनिटाईजर एवं मॉस्क का वितरण किया गया और इस अवसर पर लोगों से अनावश्यक रूप से घरों से बाहर न निकलने की अपील की गई।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ आरएसएस के कार्यकर्ता कार्यवाह आरएसएस विशाल जिन्दल के नेतृत्व में घंटाघर एवं आसपास के क्षेत्रों में अपनी डयूटी पर तैनात पुलिस कर्मचारियों व जरूरतमंदों को सैनिटाइजर व मॉस्क का वितरित किया।

■अनावश्यक रूप से घरों से बाहर न निकलने की अपील

इस अवसर पर कार्यवाह आरएसएस विशाल जिन्दल ने कहा है कि राजधानी के प्रमुख चौराहों पर किया जा रहा है और पुलिस कर्मचारियों के साथ ही साथ जरूरतमंदों को सैनिटाइजर एवं मॉस्क प्रदान किये जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस वायरस से लोगों को बचाव की भी जानकारी प्रदान की जा रही है। उन्होंने कहा कि लगातार लोगों से अपने घरों में रहने की अपील की जा रही है और अनावश्यक रूप से घरों से बाहर न आने का आग्रह किया जा रहा है। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि विभिन्न स्थानों में कोरोना वायरस को लेकर जागरूक करने वाले लोगों को बाजार अथवा घर में फिजिकल डिस्टेंस बनाए रखने तथा बहुत जरूरी होने पर ही घरों से बाहर निकलने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कोरोना वायरस से बचाव की भी जानकारी दी और लॉकडाउन में मिल छह घंटे की छूट के दौरान लोगों को कोरोना वायरस से बचाव की जानकारियां प्रदान किया जा रही है और कोरोना से लड़ने व उसे हराने के लिए यह कार्यक्रम चलाया जा रहा है तथा लोगो को बाहर न निकलने के साथ ही साथ सरकार को सहयोग करने की सलाह दी जा रही है।

## पूर्व मंत्री बेहड ने किया पर्यावरण मित्रों को सम्मानित

**संवाददाता।** रूद्रपुर। पूर्व स्वास्थ्य मंत्री तिलकराज बेहड़ ने आज अपने कैम्प कार्यालय पर सफाई व्यवस्था में जुटे 10 पर्यावरण मित्रों को माला पहनाकर व शॉल पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पूर्व स्वास्थ्य मंत्री तिलक राज बेहड़ ने आज अपने कैम्प कार्यालय पर आवास विकास में सफाई व्यवस्था में जुटे 10 पर्यावरण मित्रों को हार पहनाकर व शॉल ओढ़ाकर समानित किया।

इस अवसर पर बेहड़ ने कहा कि जिस साहस व समर्पण के साथ यह पर्यावरण मित्र सफाई व सैनिटाइजेशन की व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए जी–जान से जुटे हैं वह निसंदेह प्रशंसनीय है। कोरोना वायरस कोविड 19 जैसी महामारी के चलते जहां सभी लोग लॉकडाउन के कारण घरों में बंद है ऐसे में यह सभी कर्मवीर देश हित में अपना योगदान दे रहे हैं।

उन्होंने कहा कि पुलिसकर्मी, चिकित्सक, मेडिकल स्टाफ व यह सफाई कर्मचारी ही इस आपदा के समय देश के असली हीरो हैं। वह इनका स्वागत और अभिनंदन करते हैं साथ ही ईश्वर से उनकी कुशलता व दीर्घायु की कामना करते हैं। इस अवसर पर अनेक कांग्रेसजन व पर्यावरण मित्र बड़ी संख्या में उपस्थित थे।